


**चार स्थान फिसले कोहली**

विराट कोहली चौथे से आठवें नंबर पर आ गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी–20 सीरीज में उन्हें आराम दिया गया है, ऐसे में उम्मीद नहीं है कि वह अगली रैंकिंग तक अपनी दोबारा पोजिशन हासिल कर पाए। वर्ल्ड टी–20 के तीन मैचों में बल्लेबाजी करते हुए कुल 68 रन बनाने वाले कोहली के पास 698 रैंकिंग पॉइंट हैं।

## बाबर आजम नंबर–1, विराट कोहली अब 8वें पायदान पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया में क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने वर्ल्ड टी–20 के बीच खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी की। ताजा टी–20 रैंकिंग में कई बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। सारी कैटेगरी मिलाकर सबसे बड़ा नुकसान भारतीय कप्तान विराट कोहली को हुआ है। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पहले नंबर पर कायम हैं। इस वर्ल्ड कप के पांच मैच में 264 रन के साथ वह टूर्नामेंट के सर्वोच्च रन स्कोरर भी हैं। दूसरे नंबर पर इंग्लैंड के डाविड मलान हैं। नंबर एक और दो पोजिशन पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच तीसरे से चौथे नंबर पर आ गए। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान पांचवें से छठे नंबर पर खिसक गए। बुरी खबर के साथ–साथ भारत के लिए एक खुशखबरी भी है। साउथ अफ्रीका को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। भारत के लिए वर्ल्ड टी–20 में सबसे ज्यादा 194 रन बनाने वाले ओपनर केएल राहुल आठवें से पांचवें नंबर पर आ गए। अब उनके 727 रेटिंग पॉइंट हैं। पांच मैच में चार जीत के बावजूद भले ही दक्षिण अफ्रीकी टीम वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाई हो, लेकिन प्रोटिज बल्लेबाज एडन मारक्रम तीन पोजिशन आगे बढ़ते हुए तीसरे नंबर पर आ गए हैं।

# जीत की पटरी पर भाग रहे पाकिस्तान के सामने है मजबूत ऑस्ट्रेलिया

**क्रिकेट**

## दूसरा सेमीफाइनल मैच आज शाम सात बजकर 30 मिनट पर होगा शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। पाकिस्तान की टीम अपने दूसरे खिताब की ओर बढ़ती नजर आ रही है, लेकिन गुरुवार को यहां टी–20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी राह आसान नहीं होगी क्योंकि आरोन फिंच की टीम ने सही समय पर लय हासिल कर ली है। विश्व टी–20 2016 के पहले दौर में बाहर होने के बाद पाकिस्तान ने इस बार शानदार प्रदर्शन किया है।

बाबर आजम की अगुआई वाला 2009 का चैंपियन पाकिस्तान मौजूदा टूर्नामेंट की एकमात्र टीम है, जिसे अब तक शिकस्त का सामना नहीं करना पड़ा है। दोनों टीमों के बीच पिछली बार टी–20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने माइक हसी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की थी। यूएई में हालांकि मौजूदा टूर्नामेंट



में पाकिस्तान की टीम दबाव में अच्छा प्रदर्शन कर रही है और यहां की परिस्थितियों को लेकर सहज है।

**यूएई पाकिस्तान का होम ग्राउंड** वर्ष 2009 में श्रीलंका की टीम बस पर आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं हुआ और देश ने यूएई में अपने घरेलू मैच खेले। पाकिस्तान सुपर लीग के कई सत्र भी यहां आयोजित हुए। भारत के खिलाफ ऐतिहासिक जीत से अभियान शुरू करने वाली पाकिस्तान की टीम अजेय नजर आ रही है और न्यूजीलैंड तथा अफगानिस्तान के खिलाफ विषम हालात में जीत दर्ज करके जज्बा दिखा चुकी है।

**बाबर आजम पाकिस्तान की ताकत** टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोर बाबर (264) की अगुआई में पाकिस्तान का शीर्ष क्रम काफी मजबूत है। बाबर चार अर्धशतक जड़ चुके हैं और टीम को उनसे एक बार फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। ऑस्ट्रेलिया का गेंदबाजी आक्रमण हालांकि उनकी चुनौती के लिए पूरी तरह से तैयार होगा और किसी भी गलती का फायदा उठाना चाहेगा।

**लोअर अहर्डर भी लय में:** बाबर और मोहम्मद रिजवान की सलामी जोड़ी अगर विफल रहती है तो पाकिस्तान के पास मध्यक्रम में कई मैच विजेता हैं जिसमें लंबे छक्के जड़ने वाले आसिफ अली और अनुभवी शोएब मलिक और मोहम्मद हफीज सभी लय में हैं। टीम को हालांकि फखर जमां से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो एकमात्र बल्लेबाज हैं जो अब तक नाकाम रहे हैं।

**गेंदबाजी में भी दम:** पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण ने भी काफी प्रभावित किया है। तेज गेंदबाजों शाहीन शाह अफरीदी और हारिस राउफ ने विरोधी बल्लेबाजों को परेशान किया है लेकिन हसन अली उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

# भरत मेरा दोस्त, मेरा भाई है... अपनी कोचिंग टीम पर बोले पूर्व हेड कोच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने बुधवार को टीम के निवर्तमान मुख्य कोच रवि शास्त्री और सहयोगी स्टाफ के अन्य सदस्यों की मजबूत टीम तैयार करने में उनके योगदान के लिए सराहना की। भारतीय टीम यूएई में चल रहे टी–20 विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही, लेकिन शास्त्री और कोहली की जोड़ी के अलावा गेंदबाजी कोच भरत अरूण और क्षेत्ररक्षक कोच आर श्रीधर उस टीम के साथ रहे जिसने ऑस्ट्रेलिया में दो बार टेस्ट श्रृंखला जीती।

अब अपनी विदाई के बाद रवि शास्त्री ने कई मुद्दों पर दिल खोलकर बात की है। कोच पद



से हटने के बाद अपने पहले इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने बोरिया मजूमदार के साथ बात की। दूसरी भर में सीरीज जीतने के बावजूद आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने का उन्हें मलाल भी है। आइए जानते हैं अपने साझेदार भरत अरुण (बोलिंग कोच) और आर. श्रीधर (फील्डिंग कोच) के बारे में उन्होंने क्या कहा।

शास्त्री कहते हैं, भरत मेरा दोस्त है, भाई और बहुत कुछ है। उन्होंने जो इस टीम के साथ किया उसकी तुलना नहीं की जा सकती। खिलाड़ियों के साथ उनका तालमेल मुझसे बेहतर है क्योंकि वह अंडर–19 के दिनों से उनके साथ हैं, जब वह नेशनल क्रिकेट अकादमी में हुआ करते थे। खेल, स्पोर्ट्स साइंस और बायोमैट्रिक्स को लेकर उनकी समझ का कोई मुकाबला नहीं। भारतीय टीम को भरत से अच्छा गुरु नहीं मिल सकता। मैं दुनिया में जितने भी लोगों से मिला हूं श्रीधर उनमें सबसे अच्छे फील्डिंग कोच हैं।

श्रीधर के बारे में शास्त्री आगे कहते हैं कि, चाहे हम 36 पर ऑल आउट हो जाएं या फिर 450 रन बनाएं उनका जज्बा कभी कम नहीं होता। जिस तरह उन्होंने टीम को तैयार किया है वह लाजवाब है। वह जो भी करेंगे, जहां भी जाएंगे, उनका भविष्य उज्ज्वल है।

## द्रविड़ और रोहित की जोड़ी के जिम्मे होगा 2022 टी20 वर्ल्ड कप का अभियान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मैदान पर रोहित शर्मा और मैदान से परे राहुल द्रविड़... भारतीय क्रिकेट में जल्द ही नया बदलाव दिखने वाला है। विराट कोहली के पीछे हटने के बाद रोहित को टी20 टीम की कमान सौंप दी गई है। रवि शास्त्री की जगह कोच की भूमिका अब द्रविड़ निभाएंगे। संभावना यही है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड वनडे टीम की कमान भी रोहित को सौंप देगा। ऐसे में वाइट बॉल क्रिकेट में रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ की जोड़ी पर भी टीम को आगे ले जाने का दारोमदार होगा। टी20 वर्ल्ड कप से जिस तरह भारतीय टीम बाहर हुई है, उसे देखते हुए आगे दोनों के लिए चुनौतियां बड़ी हैं। फैन्स को इन दोनों की जोड़ी से भारी उम्मीदें हैं और हों भी क्यों ना, एक वाइट बॉल क्रिकेट का बादशाह है तो दूसरा अनुशासन और संयम की जीती–जागती मिसाल। शर्मा और द्रविड़ की जोड़ी ही मिलकर अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए प्लान तैयार करेगी। बहुत हद तक 2023 के 50 ओवर वर्ल्ड कप कैंपेन का जिम्मा भी इन्हीं दोनों के सिर रहेगा।

## न्यूज डायरी




### कैसे महेंद्र सिंह धोनी का मजाक उड़ाने वालों को मिला था जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साल 2004 की बात है जब दुनिया ने पहली बार महेंद्र सिंह धोनी के बल्ले की धमक देखी। भारत ए टीम केन्या के दौरे पर थी। यहां उसका सामना पाकिस्तान ए और केन्या की टीम के साथ था। इस दौरे पर धोनी ने खूब धमाकेदार बल्लेबाजी की। उन्होंने केन्या और पाकिस्तान के गेंदबाजों की बखियां उधेड़ दीं। उन्होंने छह पारियों में दो सेंचुरी और एक हाफ सेंचुरी लगाई। वाकई इस सीरीज में माही ने खूब मारा। उन्होंने कुल 362 रन बनाए। इस दौरे पर पाकिस्तान की टीम में मिसबाह उल हक भी थे जो आगे चलकर कप्तान भी बने। मिसबाह ने धोनी से जुड़ा एक किस्सा याद किया। उन्होंने बताया कि धोनी ने उस सीरीज में पाकिस्तानी टीम की खूब पिटाई की। मिसबाह ने एक यूट्यूब शो में बताया, धोनी ने हमारी खूब धुनाई की। 150–50 रन बना दिए। कोई तीन मैच हुए हमारे साथ कोई छक्के मार–मार के, गेंद वापस ही नहीं आए। मार–मार के उसने हमारा बुरा हाल कर दिया। कुछ टाइम बाद धोनी भारतीय टीम में आ गए। मिसबाह ने कहा, मुझे याद नहीं, शायद हमारी टीम पाकिस्तान गई थी।

### भारत की नुमाइंदगी का मेरा सपना पूरा हो गया है: आवेश खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इंदौर। न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टी20 टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज आवेश खान ने बुधवार को कहा कि देश की नुमाइंदगी का उनका सपना आखिरकार पूरा गया है। अलग–अलग प्रतियोगिताओं में खेलकर तीन महीने बाद बुधवार सुबह ही इंदौर लौटे खान के घर उनके रिश्तेदारों, परिचितों और प्रशंसकों का तांता लग गया है जो उन्हें भारतीय टीम में चुने जाने की बधाई दे रहे हैं। इस दौरान उनके परिजन, आगंतुकों को मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर खुशियां मनाते देखे गए। जश्न के बीच खान ने कहा, 'हर क्रिकेटर का सपना होता है कि वह अपने देश के लिए खेले और वह इसी सपने को हकीकत में बदलने के लिए मेहनत करता है। मेरा यह सपना अब पूरा हो गया है। खान ने कहा कि पिछली घरेलू प्रतियोगिताओं और आईपीएल में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था जिससे उन्हें भारतीय टीम में जगह बनाने में मदद मिली।

### भारतीय टीम के पास है तैयारी का पूरा मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पहले भारतीय टीम को कुछ ही टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने को मिले। हालांकि, सभी खिलाड़ियों ने आइपीएल जरूर खेला था, लेकिन अब अगले साल आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम को करीब 30 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने हैं। इसके अलावा आइपीएल के मैच अलग हैं। इस तरह टीम इंडिया को अच्छी तैयारी करने का मौका मिलेगा। दरअसल, भारतीय टीम को द्विपक्षीय सीरीजों में 25 टी20 इंटरनेशनल मैच अब से अगले अक्टूबर तक खेलने हैं। इसके अलावा टी20 प्रारूप में एशिया कप भी खेला जाएगा। इस तरह करीब 30 टी20 इंटरनेशनल मैच टीम इंडिया अगले साल आस्ट्रेलिया में होने वाले आइसीसी टी20 विश्व कप से पहले रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलेगी।

### बाबर आजम ने कहा बायो बबल की जिंदगी आसान नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबुधाबी। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने भारत के निवर्तमान कोच रवि शास्त्री की हां में हां मिलाते हुए कहा कि खिलाड़ियों के लिए लगातार जैव सुरक्षित माहौल (बायो बबल) में रहते हुए खेलना आसान नहीं है। भारत के नामीबिया के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच से पहले शास्त्री ने कहा कि उनके खिलाड़ी छह महीने तक बायो बबल में रहने के कारण मानसिक और शारीरिक रूप से थक चुके थे तथा आईपीएल और आईसीसी टूर्नामेंट के बीच विश्राम मिलने से उनकी टीम फायदे में रहती। भारत 2012 के बाद पहली बार आईसीसी की किसी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा।